भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2181
उत्तर देने की तारीख-09/12/2024

ओडिशा में केवी की स्थिति

2181. **श्री प्रदीप पुरोहितः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले के ब्रजराजनगर में प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालयों (केवी) की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) क्या इस परियोजना के लिए कोई वित्तीय आवंटन किया गया है और यदि हां, तो परियोजना के लिए कितनी राशि आवंटित की गई है;
(ग) क्या सरकार ने इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए कोई समय-सीमा तय की है;
(घ) क्या सरकार का क्षेत्र की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बारगढ़ जिले के पदमपुर में केवी स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;
(ड़.) क्या सरकार के पास इन क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु बुनियादी ढ़ांचे की कमी को दूर करने के लिए आगामी बजट में इस परियोजना पर विचार करने की कोई योजना है;
(च) इन जिलों में सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों की बढ़ती मांग को देखते हुए इन जिलों में केवी की स्थापना में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और
(छ) क्या पश्चिमी ओडिशा, विशेष रूप से झारसुगुडा और बारगढ़ जिलों में शैक्षिक बुनियादी ढ़ांचे का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त धन/कोई संसाधन आवंटित किए गए हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (च) नए केंद्रीय विद्यालयों (केवि) का खोला जाना एक सतत प्रक्रिया है। केवि मुख्य रूप से रक्षा और अर्धसैनिक बलों के कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित स्थानांतरित होने वाले केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं, ताकि पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान किया जा सके। नए केवि खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें मानदंडों के अनुसार नए केवि की स्थापना के लिए

भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता शामिल है। प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं।

वर्तमान में, देशभर में 1253 केवि कार्यात्मक हैं, जिनमें ओडिशा राज्य में 67 केवि शामिल हैं। ओडिशा राज्य के 67 केवि में से झारसुगुड़ा और बारगढ़ जिलों में 1-1 केवि है। केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविएस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केविएस के मानदंडों के अनुसार, झारसुगुड़ा जिले के ब्रजराजनगर और बरगढ़ जिले के पदमपुर में एक नया केवि खोलने के लिए संबंधित राज्य सरकार/जिला प्रशासन से कोई व्यवहार्य प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(छ) स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने दिनांक 03.07.2024 को सभी कार्यात्मक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीवीबी) और छात्रावासों में छात्राओं को सशक्त बनाने, उन्हें डिजिटल रूप से सक्षम बनाने और उनके अधिगम परिणामों को बढ़ाने के लिए, समग्र शिक्षा मानदंडों के अनुसार सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) प्रयोगशालाओं और स्मार्ट कक्षाओं का निर्माण करने की घोषणा की है। सभी कार्यात्मक केजीबीवी में आईसीटी प्रयोगशालाओं और स्मार्ट कक्षा सुविधाओं को स्थापित करने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र से प्रस्ताव प्राप्त हुए थे और बाद में इसे पूरक पीएबी 2024-25 में अनुमोदित किया गया था। पूरक पीएबी में, ओडिशा राज्य में 95 आईसीटी प्रयोगशाला और 319 स्मार्ट कक्षाओं के लिए 969.62 लाख रुपये की राशि अनुमोदित की गई, जिसमें बारगढ़ जिले में 7 स्मार्ट क्लासरूम और 3 आईसीटी प्रयोगशाला के लिए 25.46 लाख रुपये शामिल हैं।

*****